आज़ादी का अमृत महोत्सव- फिट इंडिया फ्रीडम रन-2.0

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के पत्र क्रमांक 11018/6/2021-EBSB दिनांक 5 अगस्त 2021 के अनुसार आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए दिनांक 13 अगस्त 2021 को गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय, बिलासपुर के शारीरिक शिक्षण विभाग के द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर आलोक कुमार चक्रवाल, कुल सचिव प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार, समस्त संकाय के अधिष्ठाता, समस्त विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत फिट इंडिया मूवमेंट के सचिव एवं शारीरिक शिक्षण विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विशन सिंह राठौर के स्वागत उद्बोधन के साथ हुआ, उन्होने फिट इंडिया मूवमेंट के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान करते हुए फिटनेस के मूल मंत्र 'फिटनेस का डोज़ आधा घंटा रोज' को अपने जीवन का हिस्सा बनाने तथा लोगो को स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने अपने उद्बोधन मेँ फिटनेस का महत्व बताते हुए विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारियों एवं छात्रों को शारीरिक अभ्यास एवं खेलों को जीवन का हिस्सा बनाने के लिए शपथ दिलाई कुलपति महोदय ने फिट इंडिया फ्रीडम रन का बोर्ड एवं गुब्बारों को हवा में छोड़कर फिट इंडिया फ्रीडम रन-2.0 की शुरुआत की इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी शिक्षक कर्मचारी एवं छात्रों ने उत्साह पूर्वक फ्रीडम दौड़ में भाग लिया। उसके बाद फिट इंडिया फ्रीडम रन गुरु घासीदास प्रतिमा के पास से शुरू होकर विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग से होते हुए वापस गुरु घासीदास प्रतिमा के पास समाप्त हो गई।

GURU GHASIDAS VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR C.G.
AZADI KA AMRIT MAHOTSAV
FIT INDIA FREEDOM RUN - 2.0
AZADI KA AMRIT MAHOTSAV
G.G.V. BILASPUR C.G.

GURU GHASIDAS VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR C.G.
AZADI KA AMRIT MAHOTSAV
FIT INDIA
FIT INDIA FREEDOM RUN - 2.0
Prof. Alok Kumar Chakrawal
Vice Chancellor
You All Are Cordially Invited For Fit India Freedom Run
SHOT ON REDMI Y3
AI DUAL CAMERA